# PRACTICE PAPER (2021-22)
# CLASS : XII
# SUBJECT: GEOGRAPHY (029)

**समय : 90 मिनट** **अधिकतम अंक - 35**

**Time Allowed : 90 Min.** **Maximum Marks : 35**

***सामान्य निर्देश-***

1. प्रश्न पत्र में 3 खण्ड है। (क, ख और ग)
2. खंड क में 24 प्रश्न हैं। किन्हीं 20 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड ख में 24 प्रश्न हैं। किन्हीं 20 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। मानचित्र अनुभाग (प्र.सं. 25-29) अनिवार्य है।
4. खंड ग में 12 प्रश्न हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। खंड ग का पहला भाग (स्रोत आधारित प्रश्न में 4 प्रश्न प्र.सं. 49-52 दिए हैं) अनिवार्य हैं।
5. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
6. कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।

***General Instruction:***

1. The question paper contains three sections (A, B and C)
2. Section A comprises of 24 questions. Attempt any 20 questions.
3. Section B comprises of 24 questions. Attempt any 20 questions. (Map section (Q.No. 25-29) is compulsory.
4. Section C has 12 questions. Attempt any 10 questions. (First part of Section-C (source based has 4 questions i.e.Q.No.49-52) is compulsory.
5. All questions carry equal marks.
6. There is no negative marking.

**************

## खण्ड-क (Section-A)

**इस खंड में 24 प्रश्न हैं, किन्हीं 20 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**There are 24 questions in this section. Attempt any 20 questions.**

1. निम्नलिखित में कौन-सा एक लोग और पर्यावरण के बीच अन्योन्यक्रिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है?

   (a) मानव बुद्धिमता (b) प्रौद्योगिकी

   (c) लोगों का अनुभव (d) मानवीय भाईचारा

Which one of the following is the most important factor in the interaction between people and environment?

(a) Human intelligene (b) Technology

(c) People's Perception (d) Human Brotherhood

2. निम्न में से कौन-सी दशा जनांकिकीय संक्रमण की प्रथम अवस्था को दशाती है?

(a) उच्च प्रजननशीलता व उच्च मर्त्यता

(b) निम्न जन्म दर और मृत्यु दर

(c) निम्न जन्म दर और उच्च मृत्यु दर

(d) उच्च जन्म और मृत्यु दर

Which of the following represents the first stage of demographic transition?

(a) High fertility and high mortality

(b) Low birth rate and low death rate

(c) Low birth rate and high death rate

(d) High birth rate and high death rate

3. वृहत खनन, खनन का सबसे आसान और ........... तरीका है।

(a) निष्फल (b) महंगा

(c) सस्ता (d) कठिन

The open-cast mining is the easiest and the ____ way of mining minerals.

(a) Useless (b) Expensive

(c) Cheapest (d) Hardest

4. उचित मिलान कर सही विकल्प चुनिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आय उपागम | (i) | संसाधनों तक पहुँच के लिए क्षमता का निर्माण |
| 2. | कल्याण उपागम | (ii) | न्यूनतम आवश्यकताओं की व्यवस्था |
| 3. | आधारभूत आवश्यकता उपागम | (iii) | सरकार द्वारा मानव कल्याण पर व्यय |
| 4. | क्षमता उपागम | (iv) | मानव विकास को आय के साथ जोड़ना |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (b) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (c) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (d) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

Match the following and choose the correct option:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Income approach | (i) | Building capabilities for access to resources. |
| 2. | Welfare approach | (ii) | Provision of minimum needs. |
| 3. | Basic needs approach | (iii) | Expenditure by government by human welfare. |
| 4. | Capabilities approach | (iv) | Human development is linked to income. |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (b) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (c) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (d) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

5. निम्न में से किस अवधि को भारत में जनसंख्या विस्फोट की अवधि के नाम से भी जाना जाता है?

(a) 1951−1981 (b) 1981 से आज तक

(c) 1921−1951 (d) 1901−1921

Which of the following period is referred as the period of population explosion in India?

(a) 1951-1981 (b) 1981 till present

(c) 1921-1951 (d) 1901-1921

6. निम्न में किसका नगरीय सकुल में समावेश होता है?

(a) एक नगर व उसका संलग्न नगरीय बहिर्बद्ध

(b) बहिर्बद्ध के सहित अथवा रहित दो या अधिक संस्पर्शी नगर

(c) एक अथवा अधिक संलग्न नगरों के बहिर्बद्ध से युक्त एक संस्पर्शी प्रसार नगर का निर्माण

(d) उपरोक्त सभी

Which one of the following is consisted in an Urban agglomeration?

(a) a town and its adjoining urban out growths.

(b) two or more contiguous towns with or without their outgrowths.

(c) a city and core or more adjoining towns with their outgrowths together forming of a contiguous spread.

(d) All of the above

7. केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित जल-संभर विकास परियोजना जिसका उद्देश्य ग्रामीण जनसंख्या को पीने, सिंचाई, मत्स्य पालन और नव रोपण के लिए जल संरक्षण के योग्य बनाना है -

(a) हरियाली (b) नीरू-मीरू

(c) अरवारी पानी संसद (d) निरांचल

A watershed development project sponsored by the Central Government which aims at enabling the rural population to consume water for drinking, irrigation fisheries and afforestation.

(a) Haryali (b) Neeru-Meeru

(c) Aroary Pani Sansad (d) Neeranchal

8. मानव भूगोल में कौन-सा उपागम कंप्यूटर परिकृष्ट सांख्यिकीय विधियों के प्रयोग के लिए विशिष्ट हैं?

(a) प्रादेशिक विश्लेषण (b) श्रेत्रीय विभेदन

(c) अन्वेषण और वितरण (d) स्थानिक संगठन

Which approach in human geography is marked by the use of computer & sophisticated statistical tools?

(a) Regional analysis (b) Areal Differentiation

(c) Exploration & Description (d) Spatial Organisation

9. निम्न में से कौन-सी वाणिज्य पशुधन पालन की मुख्य विशेषता नहीं है?

(a) व्यवस्थित एवं पूंजी प्रधान होती है।

(b) ये स्थायी फार्मों पर होती है।

(c) विशिष्ट गतिविधि है, केवल एक ही प्रकार के पशु पाले जाते हैं।

(d) पशुपालन के साथ-साथ खेती भी की जाती है।

Which of the following is not a feature of commercial livestock rearing?

(a) Organised and capital intensile

(b) Practical on permanent ranches

(c) Only one type of animal is reared.

(d) Crop cultivation is also done alongwith animal rearing.

10. एक अशिक्षित बच्चा डॉक्टर बनने का विकल्प नहीं चुन सकता। निम्न में से किस कारण से उसका विकल्प सीमित हो गया?

(a) शिक्षा का अभाव (b) आर्थिक तथा सामाजिक पिछड़ापन

(c) स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव (d) जन्म स्थान

An uneducated child canot make the choice to be a doctor because her/his choice has got limited by which of the following.

(a) Lack of education

(b) Economic and social backwardness

(c) Lack of health facilities

(d) Place of birth

11. भारत में जनगणना (2011) के अनुसार जनसंख्या में किशोरों का कितना प्रतिशत अंश (भाग) है?

(a) 19 प्रतिशत (b) 25 प्रतिशत

(c) 20.9 प्रतिशत (d) 23 प्रतिशत

What percentage of share of adolescents is existed in the populatino of India according Census 2011?

(a) 19 Percent (b) 25 Percent

(c) 20.9 Percent (d) 23 Percent

12. निम्न में कौन-सा प्रवास का सामाजिक परिणाम है?

(a) नगरीय बस्तियों की अनियोजित वृद्धि

(b) विविध संस्कृतियों के लोगों का आपस में मिलना

(c) जनसंख्या का पुनर्वितरण

(d) अंतर्राष्ट्रीय हुंड़िया

Which of the following is a social consiquence of migration?

(a) Unplaned growth of urban settlements

(b) Intermixing of people of diverse culture

(c) Re-distribution of population

(d) International remittances

13. पन्ना, नगला और ढाँणी निम्न में से किसके उदाहरण हैं?

(a) पल्ली बस्तियाँ (b) गुच्छित बस्तियाँ

(c) अर्ध-गुच्छित बस्तियाँ (d) परिक्षिप्त बस्तियाँ

Panna, Para, Nagla are examples of which of the following?

(a) Hamleted settlements (b) Clustered settlements

(c) Semi-clustered settlements (d) Dispersed settlements

14. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सामाजिक भूगोल | – | लिंग भूगोल |
| (b) | आर्थिक भूगोल | – | विपणन भूगोल |
| (c) | आवास भूगोल | – | नगर/ग्रामीण नियोजन |
| (d) | राजनीतिक भूगोल | – | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का भूगोल |

Which of the following is not matched correctly?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Social Geography | - | Gender Geography |
| (b) | Economic Geography | - | Marketing Geography |
| (c) | Settlement Geography | - | Urban/Rural Planning |
| (d) | Political Geography | - | International Trade Geography |

15. निम्नलिखित में से कौन-सा जनजातीय समूह, भारत में हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में ऋतु प्रवास से सम्बन्धित हैं?

(a) भील (b) बकरवाल

(c) संथाल (d) गौंड

Which of the following tribal community is associated with trans humance in mountainous region of Himalayas in India.

(a) Bhil (b) Bakarwal

(c) Santhal (d) Gond

16. निम्न में से कौन-सी विशेषता उच्च मानव विकास वाले देशों से संबंधित नहीं है?

(a) अनेक देश पूर्व साम्राज्य शक्तियाँ रही हैं।

(b) इन देशों में अधिक विविधता पाई जाती है।

(c) अधिकतर देश यूरोप में अवस्थित हैं।

(d) ये देश औद्योगिकृत पश्चिमी विश्व का प्रतिनिधित्व करते हैं।

Which of the following feature is not associated with countries with Higher Level of Human Development?

(a) Many of these countries have been the former imperial powers.

(b) These countries represent higher level of diversity.

(c) Many of these countries are located in Europe.

(d) These countries represent the industrialised western world.

17. लघुतम भाषा वर्ग में निम्न में से कौन-सी भाषाएँ सम्मिलित हैं?

(a) बोड़ो और संस्कृत (b) गुजराती और मराठी

(c) तमिल और तेलुगू (d) हिन्दी और पंजाबी

Which one of the following languages are to included in the smallest language groups?

(a) Bodo and Sanskrit (b) Gujrati and Marathi

(c) Tamil and Telugu (d) Hindi and Punjabi

18. निम्न में से कौन–सा मानव भूगोल का क्षेत्र नही है?

(a) आवास भूगोल (b) जनसंख्या भूगोल

(c) नगरीय भूगोल (d) समुद्र विज्ञान

Which of the following is not a field of human geography?

(a) Settlement geography (b) Population geography

(c) Urban geography (d) Oceanography

19. राजस्थान और महाराष्ट्र में अधिक दोहन के कारण भौमजल में क्या बढ़ गया है?

(a) फ्लुओराइड का संकेद्रण बढ़ना (b) संखिया का संकेद्रण बढ़ना

(c) मृदा लवणता बढ़ना (d) क्लोराइड संकेद्रण बढ़ना

What is increased in groundwater due to its over withdrawls in the states of Rajasthan and Maharashtra?

(a) Increased fluoride concentration

(b) Increased feorite concentration

(c) Increased salinity

(d) Increased chloride concentration

20. राष्ट्रीय जल नीति 2002 जल आवंटन प्राथमिकताएँ निम्नलिखित में से किस क्रम में निर्दिष्ट की गई हैं?

(a) औद्योगिक सिंचाई, जलशक्ति, नौकायन, पेयजल और अन्य उपयोग

(b) पेयजल, सिंचाई, जलशक्ति, नौकायन, औद्योगिक और अन्य उपयोग

(c) पेयजल, सिंचाई, औद्योगिक, जलशक्ति, नौकायन और अन्य उपयोग

(d) पेयजल, जलशक्ति, औद्योगिक, नौकायन, सिंचाई और अन्य उपयोग

The National Water Policy 2002 stipulates water allocation priorities in the following order:

(a) Industrial, Irrigation, Hydro-power, Navigation, Drinking Water, others uses

(b) Drinking Water, Irrigation, Hydro-power, Navigation, Industrial and others uses

(c) Drinking Water, Irrigation, Industrial, Hydro-power, Navigation and others uses

(d) Drinking Water, Hydro-power, Irrigation, Industrial, Irrigation and others uses

21. फ्रांसवासियों ने पश्चिमी अफ्रीका में कॉफी एवं कोकोआ की पौध लगाई। निम्न में से यह किस कृषि से सम्बन्धित है?

(a) रोपण कृषि (b) मिश्रित कृषि

(c) भूमध्यसागरीय कृषि (d) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि

The French established cocoa and coffee farming in West Africa. With which of the following Agriculture it is associated?

(a) Plantation agriculture
(b) Mixed agriculture
(c) Mediterrnean agriculture
(d) Extensive Commercial grain cultivation

22. निम्न में से कौन-सा कारक जनसंख्या वितरण को निर्धारित नहीं करता है?

(a) भू-आकृति (b) जल की उपलब्धता

(c) जलवायु (d) लिंग अनुपात

Which of the following factor does not determine the population distribution?

(a) Land Forms (b) Availability of Water
(c) Climate (d) Sex-ratio

23. राज्य जो अपने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों में महत्वपूर्ण राशि प्राप्त करते हैं -

(a) गोवा, महाराष्ट्र और गुजरात (b) महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा

(c) पंजाब, केरल और तमिलनाडु (d) पंजाब, हरियाणा और राजस्थान

The state which receives a very significant amount from their international migrants is -

(a) Goa, Maharashtra and Gujarat
(b) Maharashtra, Karnataka and Goa
(c) Punjab, Kerala and Tamilnadu
(d) Punjab, Haryana and Rajasthan

24. निम्न में से कौन-से संदूषण नदियों में प्रदूषण का मुख्य स्रोत है?

(a) उर्वरक और कीटनाशक (b) ठोस और अपशिष्ट पदार्थ

(c) जैव और जीवाणविक (d) उपरोक्त सभी


Which of the following contamination continues to be the main source of pollution in rivers?

(a) Fertilisers and insecticides (b) Solid and liquid wastes
(c) Organic and bacterial (d) All of the above

## खण्ड-ख (Section-B)

**इस खंड में 24 प्रश्न हैं। किन्हीं 20 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या सं. 25 से 29 मानचित्र आधारित हैं और अनिवार्य हैं। दृष्टिबाधित छात्र बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर देंगे।**

**There are 24 questions in this section. Attempt any 20 questions.**
**Question No. 25-29 are based on map and are compulsory. Visually impaired students will attempt MCQs.**




25. क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तरी अमेरिका महाद्वीप का सबसे बड़ा देश –

(a) मिश्र (b) कनाडा
(c) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका (d) मैक्सिको

Largest Country in North America continent in term of area -

(a) Egypt (b) Canada
(c) USA (d) Mexico

26. दक्षिणी अमेरिका के किस क्षेत्र में विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की जाती है?

(a) प्रेयरीज (b) वेल्ड
(c) पंपाज (d) डाउंस

In which the following region of South America commerical grain cultivation is practiced?

(a) Prairies (b) Veld
(c) Pampas (d) Downs

27. निम्न में से किस देश में वाणिज्य पशुधन पालन की गतिविधियाँ की जाती है?

(a) भारत (b) न्यूजीलैंड

(c) अर्जेटाइना (d) उरुग्वे

Which of the following country commercial livestood rearing is practised?

(a) India (b) New Zealand

(c) Argentina (d) Uruguay

28. क्षेत्रफल की दृष्टि से यूरोप महाद्वीप का सबसे बड़ा देश -

(a) भारत (b) चीन

(c) फ्रांस (d) सोवियत रूस

Largest country in Asia Continent in terms of area -

(a) India (b) China

(c) France (d) Soviet Russia

29. किस देश में भूमध्यसागरीय कृषि की जाती है -

(a) कनाडा (b) अर्जेटाइना

(c) ट्यूनीशिया (d) दक्षिण अफ्रीका

In which country Mediterranean agriculture is practised?

(a) Canada (b) Argentina

(c) Tunisia (d) South Africa

**प्रश्न संख्या 30-48 (कोई भी 15 प्रश्न करें)**

**Question No.30-48 (attempt any 15 questions)**

30. निम्नलिखित उपागमों को उनके समय अवधि के अनुसार सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए -

1. स्थानिक संगठन 2. प्रादेशिक विश्लेषण

3. क्षेत्रीय विभेदन 4. मानवतावादी उपागम

विकल्प:

(a) 2 3 1 4

(b) 1 2 3 4

(c) 4 1 2 3

(d) 3 2 1 4

Arrange the following approaches in chronological order and chose the correct option.

1. Spatial organisation 2. Regional analysis

Options:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

31. जब दो समय अन्तरालों के बीच जन्म दर मृत्यु दर से अधिक हो तो, उस अवस्था को कहते है –

(a) जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि (b) जनसंख्या की सकारात्मक वृद्धि

(c) जनसंख्या वृद्धि (d) कोई भी नहीं

When the birth rate is more than the death rate between two points of time, it is known as –

(a) Negative growth of population (b) Positive growth of population

(c) Natural growth of population (d) None of the above

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उनका मूल्यांकन कीजिए तथा दिए हुए विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए –

(i) संग्रहण द्वारा प्राप्त उत्पाद विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते।

(ii) कई प्रकार की अच्छी किस्म तथा कम दाम वाले कृत्रिम उत्पादों ने संग्रहण द्वारा एकत्रित उत्पादों का स्थान ले लिया है।

(a) दोनों कथन (i) और (ii) सही है।

(b) दोनों कथन सही हैं। कथन (ii) कथन (i) की सही व्याख्या करता है।

(c) दोनों कथन गलत हैं।

(d) केवल कथन (i) सही है।

Consider the following statement and choose the correct option for the same:

(i) Product of gathering activity cannot compete in the world market.

(ii) Synthetic products often of better quality and at a lower prices, have replaced many items supplied by the gatherers.

(a) Both the statements are correct.

(b) Both the statements are correct and statement (i) is correct explanation of statement (i).

(c) Both the statement are incorrect.

(d) Only statement (i) is correct.

33. उचित मिलान कर सही विकल्प चुनिए:

| | **मानव विकास के उपाय** | | **विशेषताएँ** |
|---|---|---|---|
| (1) | आय उपागम | (i) | ILO (अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन) द्वारा प्रस्तावित |
| (2) | कल्याण उपागम | (ii) | प्रो. अमर्त्य सेन से संबंधित |
| (3) | आधारभूत आवश्यकता उपागम | (iii) | सबसे पुराना उपागम |
| (4) | क्षमता उपागम | (iv) | लोग केवल निष्क्रिय प्राप्तकर्ता है। |

विकल्प:

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

Match the following and choose the correct option.

| | **Approaches to Human Development** | | **Features** |
|---|---|---|---|
| 1. | Income approach | (i) | Proposed by International Labour Organisation |
| 2. | Welfare approach | (ii) | Prof. Amartya Sen |
| 3. | Basic needs approach | (iii) | Oldest Approach |
| 4. | Capabilities approach | (iv) | People are passive recipients |

Choose the crrect option:

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

34. निम्न में से कौन-सी जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की अन्तिम अवस्था की विशेषता है?

(a) जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है।

(b) जीवन प्रत्याशा निम्न होती है।

(c) जनसंख्या विचारपूर्वक परिवार के आकार को नियंत्रित करती है।

(d) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the feature of the last stage of demographic Transition Theory?
(a) The population growth is slow.
(b) Life expectancy is low.
(c) Population deliberately controls the family size.
(d) None of these.

35. निम्न में से जल किस प्रकार का संसाधन है?
(a) अजैव संसाधन (b) अनवीकरणीय संसाधन
(c) जैव संसाधन (d) चक्रीय संसाधन

Which of the following type of rrsource the water is -
(a) Abiotic resource (b) Non-renewable resource
(c) Biotic resource (d) Cyclic resource

36. निम्नलिखित देशों को उनके भारत में आने वाले अप्रवासियों के घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
(a) पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका (b) बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल
(c) पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका (d) बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान

Arrange the following countries in decreasing order of their immigrants flow into India?
(a) Pakistan, Bangladesh, Sri Lanka
(b) Bangladesh, Pakistan, Nepal
(c) Pakistan, Afghanistan, Sri Lanka
(d) Bangladesh, Pakistan, Afghanistan

37. नीचे दिए गए तथ्यों को ध्यान से पढ़िए और वर्षा जल संग्रहण संबंधित सही तथ्यों की पहचान कीजिए। वर्षा जल संग्रहण की विधि
1. वर्षा जल को छतों से इकट्ठा करके नीचे हौज में इकट्ठा करना।
2. भूमिगत जल को प्रयोग में लाना।
3. दूर स्थित नदियों के पानी को लाना।
4. फालतू (बेकार) जल के बहाव को कुएँ तक ले जाने की विधि।

विकल्पः
(a) केवल 1 और 2 सही हैं। (b) 1 तथा 4
(c) सभी सही है। (d) कोई भी सही नहीं है।

Read the facts associated with rain water harvesting and choose the correct options associates with the process of rainwater harvesting. Process of Rain Water Harvesting

1. Collecting rain water on the roof and diverting and collecting in a tank.
2. Putting ground water to use.
3. Diverting water from distant rivers.
4. The process of diverting run-off to a well.

Options:

(a) Only 1 and 2 are correct.
(b) 1 and 4.
(c) All are correct.
(d) None of the above is correct.

38. सूची 1 को सूची 2 के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए कूट की सहायता से सही उत्तरी का चयन करें।

| | **नगर** | | **नगरों के प्रकार** |
|---|---|---|---|
| i. | मसूरी | 1. | प्रशासनिक नगर |
| ii. | चंडीगढ़ | 2. | औद्योगिक नगर |
| iii. | जमशेदपुर | 3. | परिवहन नगर |
| iv. | विशाखापट्नम | 4. | पर्यटन नगरज |

विकल्प:

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

Match Column I with Column II and choose the correct option.

| | **City** | | **Type of City** |
|---|---|---|---|
| i. | Mussorie | 1. | Administrative town |
| ii. | Chandigarh | 2. | Industrial town |
| iii. | Jamshedpur | 3. | Transport town |
| iv. | Visakhapatnam | 4. | Tourist town |

Options:

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

39. निम्न में कौन-सा मानव भूगोल के अध्ययन से सम्मिलित नहीं हैं?

(a) भौतिक पर्यावरण का अध्ययन

(b) भौतिक पर्यावरण एवं मानवीय जगत के बीच अध्ययन

(c) मानवीय परिघटनाओं के स्थानिक वितरण का अध्ययन

(d) विश्व के विभिन्न भागों में सामाजिक और आर्थिक विभिन्नताओं का अध्ययन

Which of the following is not the study area of human geography?

(a) Study of the Physical Environment

(b) Study of the inter-relationship between natural environment and human would.

(c) Study of spatial distribution of human phenomena.

(d) Study of serial and economic variation in different parts of the world.

40. मानव विकास मापन के दो महत्वपूर्ण सूचकांक हैं ...........

(a) साक्षरता दर और क्रय शक्ति

(b) प्रति व्यक्ति आय और जीवन प्रत्याशा

(c) मानव विकास सूचकांक और गरीबी सूचकांक

(d) साक्षरता दर और जीवन प्रत्याशा

The two important indices for measuring human development _____

(a) Literacy Rate and Purchasing Power

(b) Per-capita income and Life expectancy

(c) Human Development index and Poverty Index

(d) Literacy Rate and Life Expectancy

41. निम्नलिखित राज्यों को उनके प्रवासियों को आकर्षित करने के सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(i) गुजरात | (ii) महाराष्ट्र

(iii) दिल्ली | (iv) हरियाणा

विकल्पः

(a) (i), (iii), (i), (iv) | (b) (i), (ii), (iii), (iv)

(c) (ii), (i), (iii), (iv) | (d) (iii), (ii), (i), (iv)

Arrange the following states in the correct order according to their attractives of migrants:

(i) Gujarat | (ii) Maharashtra

(iii) Delhi | (iv) Haryana

Options:

(a) (i), (iii), (i), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)

(c) (ii), (i), (iii), (iv) (d) (iii), (ii), (i), (iv)

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा उनका मूल्यांकन कीजिए एवं दिए हुए विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

I. भारत में कुछ सौ घरों की गुच्छित बस्तियाँ एक सार्वभौमिक विशेषता है, विशेष रूप से उत्तरी मैदानी इलाकों में।

II. लोग सुरक्षा या रक्षा कारणों से गुच्छित बस्तियों में रहते हैं। कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी के कारण उपलब्ध जल-संसाधनों के अधिकतम उपयोग ने सदंत बस्तियों को अनिवार्य बना दिया है।

विकल्प:

(a) कथन I और कथन II सही है और कथन II कथन I की सही व्याख्या करता है।

(b) कथन I और कथन II सही है परंतु कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) कथन I सही है और कथन II गलत है।

(d) कथन I गलत है और कथन II सही है।

Consider the following statements, and choose the correct option for the same:

I. In India compact vilage of a two hundred hours is a rather universal feature, particularly in the northern.

II. People live in compact village for security or defence reasons. In some areas scarcity of water has necessitated compact settlement for maximum utilisation of available water.

Options:

(a) Statement I and II are true and Statement II is the correct explanation of Statement I.

(b) Statement I and II are true and II is not the correct explanation of Statement I.

(c) Statement I is true but Statement II is false.

(d) Statement I is false but Statement II is true.

43. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सबसे पुरानी और सुविकसित नगरीय बस्तियाँ पाई जाती हैं?

(a) मेसोपोटामिया (b) नील नदी

(c) ह्वांगघे घाटी (d) सिंधु घाटी

In which of the following regions the oldest and well developed urbanized settlements are found?

(a) Mesopotamia (b) Nile Valley

(c) Hwang-Ho-Valley (d) Indus Valley

44. वह क्षेत्र जहाँ से वर्षा नदी, झील या जलाशय में प्रवाहित होती है, ............... कहलाता है।

(a) जलाशय क्षेत्र (b) जलग्रहण क्षेत्र

(c) जलसंग्रहण क्षेत्र (d) जलविभाजक

The area from which rainfall flows into a river, lake or reservoir is called a ________.

(a) Reservoir area (b) Catchment area

(c) Water gathering area (d) Water-divide

45. इनमें से कौन–सी डैरी कृषि की विशेषता नहीं है?

1. दुधारू जानवरों का पशुपालन 2. औद्योगिक और नगरीय क्षेत्र के पास

3. परिवहन बहुत महत्वपूर्ण नहीं 4. कम पूंजी निवेश

विकल्पः

(a) 1, 2 और 3 (b) 3 और 4

(c) 2 और 3 (d) 1 और 3, 4

Which of the following is not a feature of dairy farming?

1. Rearing of Milch animals
2. Located near urbanised & industrialised area
3. Transport is not very important
4. Low capital investment

Options:

(a) 1, 2 and 3 (b) 3 and 4

(c) 2 and 3 (d) 1, 3 and 4

46. निम्नलिखित विकल्पों में से कौनसा विकल्प जनसंख्या अनुसार राज्यों के सही क्रम को प्रदर्शित करता है?

(a) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल

(b) बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र

(c) उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र

(d) बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश

Which of the following options, represent the correct order of states according to population?

(a) Uttar Pradesh, Maharashtra, Bihar, West Bengal
(b) Bihar, West Bengal, Uttar Pradesh, Maharashtra
(c) Uttar Pradesh, Bihar, West Bengal, Maharashtra
(d) Bihar, West Bengal, Maharashtra] Uttar Pradesh

47. निम्न में से कौन सा एक तथ्य नहीं है?

(a) गत 500 साल से मानव जनसंख्या 10 गुना से ज्यादा बढ़ गई है।
(b) विश्व जनसंख्या को 100 साल लगे 5 अरब से 6 अरब होने में।
(c) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त के अनुसार प्रथम अवस्था में जनसंख्या वृद्धि अधिक है।
(d) विकासशील देशों में जनसंख्या वृद्धि अधिक है।

Which one of the following is not a fact?

(a) Human population increased more than ten times during the past 500 years.
(b) It took 100 years for the population to rise from 5 billion to 6 billion.
(c) Population growth is high in the first stage of demographic transition thoery.
(d) Population growth is high in developing nations.

48. देश के उत्तर-पश्चिमी, उत्तरी और उत्तर मध्य भागों में पश्चिम से पूर्व तक राज्यों की एक सतत पेटी में दक्षिण राज्यों की अपेक्षा ........ पायी जाती है?

(a) अधिक (b) कम
(c) बहुत कम (d) उच्च वृद्धि दर

A continuous belt of state from West to East in the north-west, north and north capital central parts of the country has relatively ______ than the Southern State.

(a) High (b) Low
(c) Very Low (d) High Growth Rate

## खण्ड-ग (Section-C)

### श्रोत आधारित प्रश्न (Source Based Questions)

प्रश्न संख्या 49 से 52 तक अनिवार्य हैं।

उपस्थिति की अवस्था एवं अयस्क की प्रकृति के आधार पर खनन के दो प्रकार हैं : धरातलीय एवं भूमिगत  खनन धरातलीय खनन को विवृत खनन भी कहा जाता है।

यह खनिजों के खनन का सबसे सस्ता तरीका है, क्योंकि इस विधि में सुरक्षात्मक पूर्वोपायों एवं उपकरणों पर अतिरिक्त खर्च अपेक्षाकृत निम्न होता है एवं उत्पादन शीघ्र व अधिक होता है। जब अयस्क धरातल के नीचे गहराई में होते है तब भूमिगत अथवा कूपकी खनन विधि का प्रयोग किया जाता है। इस विधि में लंबवत् कूपक गहराई तक स्थित हैं, जहाँ से भूमिगत गैलरियाँ, खनिजों तक पहुँचने के लिए फैली हैं। इन मार्गों से होकर खनिजों का निष्कर्षण एवं परिवहन धरातल तक किया जाता है। खदान में कार्य करने वाले श्रमिकों तथा निकाले जाने वाले खनिजों के सुरक्षित और प्रभावी आवागमन हेतु इसमें विशेष प्रकार की लिफ्ट बेधक (वरमा), माल ढोने की गाड़ियाँ तथा वायु संचार प्रणाली की आवश्यकता होती है। खनन का यह तरीका जोखिम भरा है क्योंकि जहरीली गैसें, आग एवं बाढ़ के कारण कई बार दुर्घटनाएँ होने का भय रहता है। विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश उत्पादन की खनन, प्रसंस्करण एवं शोधन कार्य से पीछे हट रहे हैं क्योंकि इसमें श्रमिक लागत अधिक आने लगी है। जबकि विकासशील देश अपने विशाल श्रमिक शक्ति के बल पर अपने देशवासियों के ऊँचे रहन-सहन को बनाए रखने के लिए खनन कार्य को महत्व दे रहे है। अफ्रीका के कई देश, दक्षिण अमेरिका के कुछ देश एवं एशिया में आय के साधनों का पचास प्रतिशत तक खनन कार्य से प्राप्त होता है।

Depending on the mode of occurence and the nature of the ore, mining is of two types : Surface and underground mining. The surface mining also known as open cast mining is the easiest and the cheapest way of mining minerals that occur close to the surface, overhead costs such as safety precautions and equipments are relatively low in this methdo. The output is both large and rapid. When the ore lies deep below the surface, underground mining method (shaft method) has to be used. In this method, vertical shafts have to be sunk, from where underground gallries radiate to reach the minerals. Minerals are extracted and transported to the surface through these pasages. It requires specially designed lifts, drills, hautage, vehicles, ventilation system for safety and efficient movement of people and material. This methos is risky. Poisonous gages, fires, floods and caveng in bad to fatal accidents. The developed economies are retreating from mining, processing and refining stages of production due to high labour costs, while the developing counries with large labour force and striving for higher standard of living are becoming more important. Several countries of Africa and few of South America and Asia have over fifty percent of the earnings from minerals alone.

49. विवृत खनन की प्रक्रिया उन खनिजों के लिए की जाती है जो :

(a) अधिक गहराई में पाए जाते है। (b) धरातल पर पाए जाते हैं।

(c) धरातल के पास पाए जाते हैं। (d) जिनमें भार अधिक है।

Open cast mining is used for the minerals which :

(a) found at great depths (b) found at the surface

(c) found near the surface (d) which are heavier

50. विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश उत्पादन की खनन प्रसंस्करण एवं शोधन कार्य से पीछे हट रहे हैं क्योंकि :

(a) पुरानी गतिविधि है (b) श्रमिक लागत अधिक है

(c) खनन की पुरानी विधियाँ (d) उपरोक्त से कोई नहीं

Developed economies are retreating from mining, processing and refinery stages of production because :

(a) old and outdated (b) high labour costs

(c) old and outdated method (d) note required

51. खनन की कौन-सी विधि जोखिम भरी है?

(a) विवृत खनन (b) धरातलीय खनन

(c) कूपकी खनन (d) सतही खनन

Which method of mining is very risky?

(a) open cast mining (b) loose cast mining

(c) shaft mining (d) surface mining

52. भूमिगत खनन विधि में किन कारणों से दुर्घटनाओं का भय रहता है?

(a) जहरीली गैस (b) आग

(c) बाढ़ (d) उपरोक्त सभी


By which reasons fear of fatal accidents remain in underground mining?

(a) Poisonous gases (b) Fires


(c) Floods (d) All of the above

**ग्राफ आधारित प्रश्न**

**प्रश्न संख्या 53-56 में से कोई 3 प्रश्न कीजिए।**





*निवास के अंतिम स्थान के अनुसार अंत:राज्यीय प्रवास दर्शाती प्रवास की धाराएँ (अवधि 0-9 वर्ष) भारत, 2011*





*निवास के अंतिम स्थान के अनुसार अंतर-राज्यीय प्रवास दर्शाती प्रवास की धाराएँ (अवधि 0-9 वर्ष) भारत, 2011*

**Graph Based Questions.**

**Attempt any 3 questions from the following questions 53-56.**




*Intra-state Migration by Place of Last Residence Indicating Migration Streams India, 2011*




*Inter-state Migration by Place of Last Residence Indicating Migration Streams India, 2011*

**दिए गए ग्राफ का अध्ययन करें और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Study the given graph carefully and answer the following questions:**

53. कम–दूरी के अंत: राज्यीय प्रवास में किसका प्रवास अधिक है?

(a) पुरुष (b) स्त्रियाँ

(c) दोनों (d) बच्चे

Who dominates the intra-state migration of short distance?

(a) Males (b) Females

(c) Both (d) Children

54. पुरुषों के ग्रामीण से नगरों की ओर प्रवास का मुख्य कारण क्या है?

(a) प्राकृतिक आपदा (b) शिक्षा

(c) रोजगार (d) विवाह

What is the main cause of male migration from rural to urban?

(a) Natural Disasters (b) Education

(c) Employment (d) Marriage

55. प्रवास की कौन सी धारा अंतरराज्यीय प्रवास में सबसे कम प्रवृत्ति दर्शाती है?

(a) ग्रामीण से ग्रामीण (b) ग्रामीण से नगरीय

(c) नगरीय से ग्रामीण (d) नगरीय से नगरीय

Which stream of migration shows the lowest trend in inter-state migration?

(a) Rural to Rural (b) Rural to Urban

(c) Urban to Rural (d) Urban to Urban

56. अंतरराज्यीय प्रवास में ग्रामीण से ग्रामीण प्रवास में सर्वाधिक प्रवास किसका है?

(a) बच्चे (b) पुरुष

(c) महिलाएँ (d) दोनों

Who dominates rural to rural migration in inter-state migration?

(a) Children (b) Males

(c) Females (d) Both

**दृष्टिबाधित अभ्याथियों के लिए प्रश्न संख्या ( 53-56 ) के स्थान पर।**

**For Visually Impaired Candidates in lieu of Q.No. 53-56 (Graph based question)**

53. ग्रामीण से नगरीय पुरुष प्रधान प्रवास का मुख्य कारण क्या है?

(a) रोजगार (b) विवाह

(c) शिक्षा (d) जन्म के साथ प्रवास

What is the main cause of male migration from rural to urban areas.

(a) Employment (b) Marriage

(c) Education (d) Move with birth

54. 65 प्रतिशत महिलाएँ अपना पैतृक घर किस कारणवश छोड़ती है?

(a) शिक्षा (b) जन्म

(c) व्यापार (d) विवाह

By which reason 65 percent of females move out from their parental houses?

(a) Education (b) Birth

(c) Business (d) Marriage

55. भारत के महानगरों में अनियमित प्रवास के कारण किस समस्या का सामना करना पड़ रहा है?

(a) गंदी बस्तियों का निर्माण (b) वायु प्रदूषण

(c) (a) व (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

What type of problem is being faced due to unregulated migration to the metropolitan cities of India?

(a) Formation of Slums (b) Air Pollution

(c) Both (a) and (b) (d) None of these

56. वह शब्द जिसका उपयोग उन कारकों का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो लोगों को किसी देश, क्षेत्र की ओर आकर्षित करते हैं :

(a) प्रतिकर्ष कारक (b) अपकर्ष कारक

(c) आप्रवास (d) उत्तप्रवास

The term which is used to describe factors that attract people to a country, region, religion organisation etc. is known as :

(a) Push factor (b) Pull factor

(c) Immigration (d) Migration

**डेटा आधारित प्रश्न (Data based questions)**

**कोई 3 प्रश्न कीजिए, प्रश्न संख्या 57-60**

**Attempt any 3 questions from the following questions 57-60.**

**तालिका : भारत - वर्गानुसार शहरों और नगरों की संख्या एवं उनकी जनसंख्या, 2011**

| वर्ग | जनसंख्या आकार | शहरों की संख्या | कुल शहरी जनसंख्या (हजार में) | नगरीय जनसंख्या का % |
|---|---|---|---|---|
| I | 1,00,000 और अधिक | 568 | 2,27,899 | 60.45 |
| II | 50,000-99,999 | 474 | 41,328 | 10.96 |
| III | 20,000-49,999 | 1,373 | 58,174 | 15.43 |
| IV | 10,000-19,999 | 1,683 | 31,866 | 8.45 |
| V | 5,000-9,999 | 1,749 | 15,883 | 4.21 |
| VI | 5,000 से कम | 424 | 1,956 | 0.52 |

*स्रोत: भारत की जनगणना-2011, भारत-2017, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार*

**Table : India-Class-wise number of towns and cities and their population, 2011**

| Class | Population Size | Number of Cities | Total Urban Population (in housand) | % of Total Urban Population |
|---|---|---|---|---|
| I | 1,00,000 & more | 568 | 2,27,899 | 60-45 |
| II | 50,000-99,999 | 474 | 41,328 | 10-96 |
| III | 20,000-49,999 | 1,373 | 58,174 | 15-43 |
| IV | 10,000-19,999 | 1,683 | 31,866 | 8-45 |
| V | 5,000-9,999 | 1,749 | 15,883 | 4-21 |
| VI | less than 5,000 | 424 | 1,956 | 0-52 |

*Source: Census of India-2011 and India 2017, Ministry of Information and Broadcasting, Government of India*

57. किस वर्ग के नगर में अधिकतम जनसंख्या है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | वर्ग I नगर | (b) | वर्ग II नगर |
| (c) | वर्ग III नगर | (d) | वर्ग IV नगर |

Which class town has maximum urban population?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Class I towns | (b) | Class II towns |
| (c) | Class III towns | (d) | Class IV towns |

58. वर्ग V नगर की जनसंख्या का आकार है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | 50,000 – 99,999 | (b) | 10,000 – 19,999 |
| (c) | 5,000 – 9,999 | (d) | 5000 से कम |

The population size of Class V town is –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | 50,000 – 99,999 | (b) | 10,000 – 19,999 |
| (c) | 5,000 – 9,999 | (d) | Less than 5000 |

59. भारत में कितने वर्ग–II नगर हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | 468 | (b) | 474 |
| (c) | 424 | (d) | 1749 |

How many class II towns are in India.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | 468 | (b) | 474 |
| (c) | 424 | (d) | 1749 |

60. कौन से वर्ग के नगर ने सबसे अधिक वृद्धि दर (2001–2011) दर्ज की है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | वर्ग I नगर | (b) | वर्ग II नगर |
| (c) | वर्ग III नगर | (d) | वर्ग IV नगर |

Which class town registered the maximum growth rate from 2001 to 2011?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Class I towns | (b) | Class II towns |
| (c) | Class III towns | (d) | Class IV towns |